हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 6 जनवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा



04 निगम सीमा क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले व्यापारियों...





07 हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाएं, 4 पहिया...




## खबर संक्षेप

### एक हजार आरोपियों पर प्रकरण दर्ज

**सीहोर।** जिले को नशामुक्त बनाने और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर पूर्ण अंकुश लगाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 के दौरान सीहोर पुलिस ने व्यापक एवं प्रभावी अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार की गई सुनियोजित कार्यवाहियों में आबकारी अधिनियम एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत एक हजार से अधिक आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस की सक्रिय निगरानी, मजबूत मुखबिर तंत्र, तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा फील्ड स्तर पर त्वरित कार्रवाई के चलते अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त आपराधिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की गई। वर्ष 2025 में जिले में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कुल 983 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, जिनमें 1004 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 7,832.265 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 33.07 लाख आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान 15 कार, 12 मोटरसाइकिल एवं 1 नाव भी जब्त की गई। अवैध शराब के विरुद्ध प्रमुख उपलब्धियों में थाना शाहगंज द्वारा 680 लीटर शराब (4.73 लाख) जब्ती, थाना गोपालपुर में कार सहित 318 लीटर, थाना जावर में मारुति वैन सहित 206 लीटर, थाना सिद्दीकगंज में 110 लीटर तथा थाना भेरूंदा में 114 लीटर शराब की जब्ती शामिल है।

एनडीपीएस एक्ट के तहत वर्ष 2025 में कुल 25 प्रकरण दर्ज कर 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। मामले में पुलिस ने 59.846 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 9.68 लाख है। इस दौरान 1 कार सहित 4 मोटरसाइकिल भी कार्रवाई के दौरान जब्त की गईं।

### घने कोहरे की वजह से विजिबिलिटी 15 मीटर, 2 दिन से छा रहा कोहरा

# तेज ठंड ने किसानों की मेहनत पर डाला संकट का साया, जलते अलाव बने सहारा

सर्द हवाओं ने किसानों की रगों में ठंड नहीं, बल्कि चिंता उतार दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में लगातार दूसरे दिन घना कोहरा छाया रहा। सुबह विजिबिलिटी घटकर लगभग 15 मीटर रह गई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। आसमान में चारों ओर कोहरा ही कोहरा दिखाई दे रहा था। सुबह 6:30 भी आसानी से आरओबी नजर नहीं आ रहा था। इस साल ठंड के मौसम में नए साल के तीसरे और चौथे दिन सीहोर जिले में लगातार दो दिन घना कोहरा छाया है। कोहरे के कारण सूर्योदय भी काफी देरी से हुआ और उसकी किरणें देर से धरती पर पहुंचीं। नगरीय और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में रविवार सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे लोगों को पास की चीजें भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थीं। चारों ओर धुंध छाई हुई थी। अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमुनिया डैम के पास और रेलवे ओवरब्रिज पर भी घना कोहरा देखा गया, जिससे लाइटें भी धुंधली नजर आ रही थीं। शासकीय कृषि महाविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक एस.एस. तोमर ने बताया कि आसमान में बादल छाए हुए हैं। उन्होंने अनुमान जताया कि आगामी दिनों में भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। बादलों के छंटने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होने की संभावना है।

#### बादल शीतलहर से ठंड बढ़ी

नए साल की शुरुआत से ही मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। रविवार को भी दिनभर बादल छाए रहे और धूप नहीं निकली। शीतलहर चलने से ठिठुरन बढ़ गई। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए लोग सुबह से ही अलाव तापते देखे गए। शहर के कई हिस्सों में लोगों ने ठंड से बचाव के लिए जगह-जगह अलाव जलाए। पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) की सक्रियता के कारण क्षेत्र में ठंड का असर और बढ़ गया है।

#### फसलों पर भी पड़ रहा प्रभाव

सर्द हवा ने इस बार ग्रामीण अंचल के किसानों की रगों में ठंड नहीं, बल्कि चिंता उतार दी है। सुबह हो या दोपहर सूरज जैसे छुट्टी पर चला गया हो। दिन के एक बजे भी जब कंपकंपी न थमे, तो समझिए हालात कितने भयावह हैं। गांव-गांव, चौराहे-चौराहे पर लकड़ी के अलाव धधक रहे हैं, और उन्हीं अलावों के सहारे किसान, बुजुर्ग और ग्रामीण अपने हाथ सेंकते हुए भविष्य की फसल बचाने की जद्दोजहद में लगे हैं। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा बताते हैं कि इस कड़ाके की सर्दी ने खेतों में लहलहाती सब्जियों पर सीधा प्रहार किया है। लौकी, गिलकी और करेला जैसी नाजुक फसलें ठंड से झुलसने लगी हैं। किसान मजबूरी में खेतों में धुआं (फॉग स्मोकिंग) कर रहे हैं ताकि तापमान का असर कुछ कम किया जा सके।

#### कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार

भोपाल इंदौर हाईवे,पचोर आष्टा, कन्नौद खंडवा सहित अन्य मार्गों पर शनिवार को वाहनों की रफ्तार काफी धीमी रही वाहन चालक घना कोहरा के चलते काफी धीमी वाहन चला रहे थे वह भी हेडलाइट जलाकर सुबह 9 बजे तक भी वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े।

## संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत धरोला में हिंदू महासम्मेलन आयोजित






**नलखेड़ा।** नलखेड़ा खंड के मंडल धरोला में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिला व पुरुष शामिल हुए। ग्राम धरोला में आयोजित हिंदू महासम्मेलन का आयोजन शासकीय हाई स्कूल धरोला के पास स्थित परिसर में किया गया। जिसमें वक्ता संत हिंद रक्षक आचार्य दिनेश कृष्ण शास्त्री उज्जैन मातृशक्ति भार्गवी दीदी नलखेड़ा एवं क्षेत्रीय गौ रक्षा प्रमुख मध्य प्रांत सोहन विश्वकर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वक्ताओं ने पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता सांस्कृतिक संरक्षण और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। वक्ताओं ने समाज में सकारात्मक सोच, शिक्षा और सेवा भावना को मजबूत करने पर जोर दिया। सम्मेलन के अंत में गोवंश को बचाने का संकल्प लिया एवं भारत माता की आरती की गई। इस मौके पर मंडल के पालक एवं जिला सामाजिक समरसता सहसंयोजक एवं जिले की हिंदू सम्मेलन मार्गदर्शन टोली के सदस्य विनोद नरेलिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नंदकिशोर पाटीदार ने किया।

### क्षेत्रीय संगठक व प्रांत सहसंयोजक पहुंचे मां के दरबार

**नलखेड़ा।** सोमवार को हिन्दू जागरण मंच मध्य भारत क्षेत्र के संगठक मनिष उपाध्याय व मध्य भारत के प्रांत सहसंयोजक विजेन्द्र कुमार मां बगलामुखी माता मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने माता के दर्शन कर पूजन किया। मंदिर पहुंचने पर मंदिर के मुख्य पुजारी मनोहरदास ने आशीर्वाद स्वरूप उन्हें माता की चुनर ओढ़ाई। माता के दर्शन के बाद पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संगठन विस्तार व आगामी कार्यों को लेकर चर्चा की। क्षेत्रीय संगठक मनिष उपाध्याय द्वारा पूर्व में संघ सहित हिन्दू जागरण मंच के विभिन्न दायित्वो का निर्वहन किया है। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला सह संयोजक सोनू जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पमालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में माता की तस्वीर भेंट की गई।



### पंचायत उप निर्वाचन : कालू सिंह सिसोदिया विजयी

**नलखेड़ा।** राज्य निर्वाचन आयोग ने घोषित पंचायत उप निर्वाचन कार्यक्रम अंतर्गत 5 जनवरी को जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा की। जिला पंचायत आगर मालवा के वार्ड क्रमांक- 1, सुसनेर में सदस्य पद के लिए कालूसिंह सिसोदिया को विजयी घोषित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति यादव ने नवनिर्वाचित सदस्य को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर निर्वाचन प्रेक्षक पीके वर्मा, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सर्वेश यादव, तहसीलदार रामेश्वर दांगी व निर्वाचन शाखा से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे।



## चर्च मैदान पर खेली जा रही एमपीपीएल फुटबॉल प्रतियोगिता का 11 जनवरी को होगा सेमीफाइनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के सहयोग से खेली जा रही एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता में रविवार को बिल्डअ सीहोर और नेशनल फुटबाल क्लब इंदौर की टीम के मध्य कांटे का मुकाबला खेला गया। इसमें दोनों ही टीम 1-1 गोल से बराबरी पर रही।

ड्रा होने के बाद भी सीहोर टीम प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंच गई। आगामी 11 जनवरी को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल बिल्डअप सीहोर और बालाघाट के मध्य खेला जाएगा। मैच के उपरांत एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने यहां पर मैच के पर्यवेक्षक और रैफरी आदि का स्वागत किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को दोपहर में बिल्अप सीहोर और इंदौर के मध्य रोमांचक मैच खेला गया था। इस मैच में सीहोर की ओर से अनिकेत कुमार ने एक गोल किया। इसके अलावा इंदौर की ओर से अयान ने एक गोल किया। इसके अलावा जूनियर अभ्यास मैच भी शाम को खेले गए थे। इसमें पहला मैच सीहोर बाइज-सीहोर रेड के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर बाइज की ओर से युवराज ने एक मात्र गोल कर अपनी टीम 1-0 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला एमजी क्लब फुटबाल टीम और सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया था। यह मुकाबला एमजी क्लब ने 2-1 से जीता। इस मैच में एमजी क्लब फुटबाल टीम के अदानन ने दो गोल किए थे। वहीं ग्रीन टीम की ओर से विशाल ने एक गोल किया। एमपीपीएल प्रतियोगिता के मुकाबले में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मैच के कमिश्नर चंद्रा मलिक जबलपुर, अनिल तंवर, अम्बूज गुप्ता, रशीद खान, रोहित थापा, दीपक ठाकुर के अलावा जिला फुटबाल एसोसिएशन के अरुण राठौर, कमलेश अग्रवाल, आनंद उपाध्याय, मनोज दीक्षित मामा, दीपक गुरुवानी, कपिल दुबे, विपिन पवार आदि शामिल थे।

## धान से भरी ट्रैक्टर-ट्राली चोरी का खुलासा, रेहटी पुलिस ने माल सहित दो को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी




पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन और एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना रेहटी में हुई धान से भरी ट्रेक्टर ट्राली चोरी का खुलासा किया गया और आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गये मशरूका को जब्त किया गया है। फरियादी सुदामा प्रसाद पिता हरिराम चौहान जाति खाती उम्र 38 साल निवासी वार्ड 14 रेहटी थाना रेहटी जिला सीहोर ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया की हीमानी वेयर हाउस कोसमी मे वेयर हाउस के सामने मेन रोड ग्राम कोसमी से 30 और 31 दिसंबर की दरम्यानी रात को अज्ञात चोरो ने मेरी धान से भरी ट्रेक्टर ट्राली, जिसकी कुल कीमत 10 लाख रूपये है की चोरी कर ली है। कि रिपोर्ट पर से थाना रेहटी मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

मुखबिर सूचना एवं सीसीटीवी के आधार पर संदेही रूप सिंह कहार निवासी रायपुर जिला नर्मदापुरम व सचिन लोभो निवासी अयोध्या नगर भोपाल से ट्रेक्टर ट्राली के संबध मे बारिकी से पूछताछ करने पर घटना दिनांक को दोनों ने मिलकर हिमानी वेयर हाउस से चोरी करना बताया। चोरी गये मशरूका मय धान से भरी ट्रेक्टर ट्राली को विधिवत जप्त कर आरोपी रूप सिंह पिता नारायण कहार निवासी ग्राम रायपुर थाना देहात जिला नर्मदापुरम और सचिन लोभो पिता पप्पूलाल लोभो निवासी अयोध्या नगर सेक्टर 03 थाना अयोध्या नगर भोपाल को गिरफ्तार किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे, टीम प्रभारी प्रआर.महेन्द्रसिंह, जितेन्द्र गौर, संतोष कुमार, आर.अभिषेक यादव, आर. योगेश कटारे, आर.विकास नागर की सराहनीय भूमिका रही।

### निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाकर किया डॉ. अनिल शर्मा का पुण्य स्मरण

# शिविर में 300 मरीजों की हुई निशुल्क जांच व दवाओं का वितरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गत दिवस सीहोर जिले के प्रथम शासकीय दंत चिकित्सक रहे स्व. डॉ. अनिल शर्मा की 8वीं पुण्य तिथि के अवसर पर नगर में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन डॉ. शर्मा के सुपुत्र डॉ. अभिषेक शर्मा ने किया था। शिविर का शुभारंभ शनिवार को सुबह दस बजे किया गया जो शाम को लगभग 5 बजे तक जारी रहा। शिविर के प्रारंभ में सर्व प्रथम डॉ. अनिल शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण कर किया गया।

इस दौरान देश के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित हर्षित शास्त्री, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, पूर्व सीएमएचओ डॉ. आरके गुप्ता, डॉ. बीके चतुर्वेदी, समाजसेवी कमल झंवर, सुमित झंवर, साकेत झंवर, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप चौहान, प्रदीप वशिष्ठ, जयंत दासवानी, प्रभजीत सिंह अरोरा, लायंस क्लब के सदस्यगण आदि ने डॉ. अनिल शर्मा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. अभिषेक शर्मा ने बताया कि वह अपने पूज्य पिताजी की पुण्य तिथि पर विगत 8 वर्षों से इसी प्रकार निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन कर रहे हैं। इस बार भी नगर और आसपास के क्षेत्र से लगभग 300 मरीज दंत शिविर में आये। इन सभी का निशुल्क दंत परीक्षण किया गया और जरूरी दवाइयों का भी निशुल्क वितरण किया गया। इस शिविर में डॉ. रेड्डीज फार्मा ग्रुप फार्मा, एलेक्सा फार्मा, मैनकाइंड फार्मा, वारेन इंडोको फार्मा, आइसीपीए फार्मा और मेरेंल फार्मा द्वारा मरीजों के लिए निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई थीं। डॉ. अभिषेक शर्मा ने दंत चिकित्सा शिविर में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## शीतलहर का दौर जारी, धूप खिलने से मिली थोड़ी राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मौसम पल पल करवट बदल रहा है। रविवार को आसमान में बादल के साथ कोहरा व धुंध छाई हुई थी, वहीं सोमवार को 11 बजे बाद धूप खिली, लेकिन शीतलहर का दौर जारी रहा। रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात तापमान भी काफी कम दर्ज किया गया।

सोमवार को 11 बजे बाद धूप निकल जाने से नागरिकों को सर्द मौसम से थोड़ी राहत मिली। सोमवार को सुबह हल्का कोहरा छाया था जोकि लगभग 8 बजे तक साफ हो गया। बर्फीली हवाएं लगातार चल रही थी जिससे नागरिकों में ठिठुरन हो रही थी। सर्द मौसम से बचने सुबह से ही स्थान स्थान पर अलाव जल उठे थे जोकि धूप निकलने तक जलते रहे। शीतलहर के चलते जिला प्रशासन द्वारा कक्षा 8वीं तक अध्ययन करने वाले बच्चों की सोमवार व मंगलवार की छुट्टी घोषित किए जाने से नगर के अधिकांश शासकीय व अशासकीय स्कूलों में छुट्टी रही। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के भी अधिकांश विद्यार्थी शीतलहर के चलते स्कूलों में नही पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में एसडीएम एसडीओपी, तहसीलदार एक साथ करेंगे सुनवाई



देवास। जिले में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में भूमि, रास्ता सहित अन्य विवाद संबंधित आवेदकों की पुलिस एवं राजस्व विभाग एक साथ सुनवाई करेंगे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिए हैं कि जिले में राजस्व से संबंधित कई प्रकरण जिनमें रास्ता विवाद तथा अन्य भूमि संबंधी मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस एक साथ संयुक्त रूप से जनसुनवाई करें ताकि प्रकरणों का त्वरित एवं सकारात्मक निराकरण किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने जिले में प्रति मंगलवार होने वाली जनसुनवाई में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को एक साथ संयुक्त रूप से सुनवाई कर तथा प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं सकारात्मक निराकरण करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सुनवाई की मासिक रिपोर्ट जिला कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये है।

### शत प्रतिशत हो कचरा संग्रहण की वसूली, अवैध नल धारकों पर होगी कार्रवाई

# निगम सीमा क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को लेना होगा लायसेंस

**आयुक्त ने सम्पत्तिकर एवं यूजर चार्जेस की बैठक कर उपायुक्त व राजस्व अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



लक्ष्य के अनुरूप वसूली को लेकर आयुक्त दलीप कुमार ने सम्पत्तिकर एवं यूजर चार्जेस की बैठक आहुत कर उपायुक्त वित्त दीपक पटेल एवं राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव को दिशा निर्देश जारी किये। आयुक्त ने राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के लिये सहायक राजस्व निरीक्षकों से वार्ड वार वसूली की जानकारी ली।

व्यवसायिक क्षेत्रों के वार्डों में विशेष फोकस करते हुए व्यवसायिक दुकानों एवं मॉल की नप्ती कर सम्पत्तिकर का असिसमेंट कर राशि वसूलने के निर्देश देते हुए ऐसे बकायादार जिन्होंने सूचना पत्र देने के पश्चात भी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है उन पर कुर्की की कार्यवाही निरन्तर करने के निर्देश दिये हैं। वार्ड क्र. 5,6,7,8,9,31,32 एवं 17 में प्रतिदिन के दिये गये लक्ष्य के अनुरूप राशि नहीं वसूलने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों को सूचना पत्र दिये जाने हेतु कहा। वहीं वार्ड क्र. 17 में ग्रीन बेल्ट पर बने व्यावसायिक भवनों, दुकानों के स्वामित्वों के द्वारा सम्पत्तिकर की राशि जमा नहीं करने पर सूचना पत्र जारी करने के साथ कार्यवाही किये जाने हेतु कहा। वार्ड क्र.38,42,43,44 एवं 45 में वसूली हेतु त्वरित सुधार के निर्देश दिये। शत प्रतिशत हो कचरा संग्रहण की वसूली।ऐसे संस्थान जिनके द्वारा कचरा ज्यादा निकाला जाता है और उनसे संग्रहण शुल्क की राशि कम वसूली जाती है ऐसे संस्थान स्कूल, ढाबा, हास्पिटल आदि व्यावसायिक संस्थानों की जांच कर यूजर चार्जेस वसूल करें। निगम सीमा क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले छोटे बड़े व्यवसायकों को निगम का लायसेंस लेना अनिवार्य होगा। अवैध नल कनेक्शनों की जांच के निर्देश के साथ वैध करने की कार्यवाही निर्धारित शुल्क जमा कर करें। जिन वार्डों में जल कर की वसूली कम आ रही है या जो जल उपभोक्ता के द्वारा जल कर नहीं जमा किया जा रहा हैं मौके पर नल कलेक्शन विच्छेद करने के साथ पंचनामा तैयार करने के निर्देश जलकर अधिकारी एवं वसूलीकर्ता को दिये गये।

# 12 और 13 जनवरी को होगा सांसद खेल महोत्सव

**कई प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

फिटनेस को बढ़ावा देने एवं स्थानीय खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के उद्देश्य से देवास विधानसभा में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन देवास-शाजापुर सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में 12 एवं 13 जनवरी को किया जायेगा।

सांसद खेल महोत्सव आयोजन के संबंध में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर सोलंकी ने सांसद खेल महोत्सव के सफल संचालन के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।सासंद खेल महोत्सव अंतर्गत 12 से 13 जनवरी 2026 को कबड्डी, फुटबॉल, वालीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, रस्साकसी, बास्केटबॉल, सॉफ्ट टेनिस, सॉफ्ट बॉल ऐथलेटिक्स प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। बैठक में प्रतियोगिता संयोजक सुदेश सांगते ने सासंद खेल महोत्सव में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में जिला खेल अधिकारी देवास सेना गाडरिया, सीएमएचओ सरोजनी जेम्स बेक, उपायुक्त नगर निगम जाकिर जाफरी, जावेद पठान, राहुल व्यास, मनीष जायसवाल, सहायक संचालक (शिक्षा) शिवनंदन प्रजापति, सीएमओ सोनकच्छ अमरदास सैनानी, सीएमओ हाटपीपल्या सविता सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# देवासिया में तेंदुए का आतंक, दो दिनों में तीन ग्रामीणों पर जानलेवा हमला, घायल अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



लगातार हो रही अवैध जंगल कटाई के चलते अब वन्य प्राणी रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। इसी कड़ी में सब रेंज कमलापुर अंतर्गत ग्राम देवासिया में एक तेंदुए द्वारा दो दिनों में तीन ग्रामीणों पर हमला किए जाने से गांव में दहशत का माहौल बन गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम ग्राम देवासिया निवासी मोहन पिता सज्जन सिंह खेत पर काम कर रहे थे, तभी झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। बचाव के दौरान मोहन के हाथ और कमर पर गंभीर पंजों के घाव आए। परिजन तत्काल उन्हें चापड़ा स्थित आरआर हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उपचार जारी है।

वहीं सोमवार दोपहर को खेत पर काम कर रहे राजेंद्र सिंह मौर्य एवं शोभाराम पिता सरवन पर भी उसी तेंदुए ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों को भी उपचार हेतु आरआर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### वन विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप

घायलों के परिजनों का आरोप है कि घटना की सूचना वन विभाग को दी गई, लेकिन विभाग द्वारा न तो मौके पर कोई कार्रवाई की गई और न ही कोई अधिकारी अस्पताल पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि देवासिया गांव जंगलों से घिरा हुआ है, जहां अधिकांश आदिवासी परिवार निवास करते हैं। रोज़मर्रा के कामकाज के लिए महिलाएं, पुरुष और बच्चे खेतों में जाते हैं। यदि समय रहते तेंदुए को नहीं पकड़ा गया, तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

### डॉक्टर की पुष्टि

आरआर हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. यशदीप जाट ने बताया कि तीनों घायलों का उपचार किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह तेंदुए के हमले के घाव प्रतीत होते हैं। मामले की सूचना लिखित रूप में संबंधित पुलिस को भी दी गई है। मामले को लेकर रेंजर कमलापुर तनय कुलश्रेष्ठ, ने बताया कि इस संबंध में सूचना मिली है। प्रारंभिक तौर पर सियार द्वारा हमला बताया जा रहा है। मामले को दिखवाता हूं। उप वन मंडल, बागली एसडीओ अंकित जामोद ने बताया कि "आपके माध्यम से जानकारी मिली है। मामले को गंभीरता से दिखवाता हूं। ग्रामीणों में आक्रोश के साथ भय का माहौल है और वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की जा रही है।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा




**देवास।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से देवास पुलिस द्वारा विशेष अभियान निरंतर जारी है।पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) एच.एन. बाथम के मार्गदर्शन में थाना यातायात देवास द्वारा जिलेभर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में थाना पीपलरावा पुलिस द्वारा वाहन चालकजगदीश पिता मुंशीलाल शिंदे, निवासी पीपलरावाएवं राकेश पिता रामचंद्र, निवासी पीपलरावा के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई थी।उक्त प्रकरण में अभियोग पत्र न्यायालय सोनकच्छ में प्रस्तुत किया गया, जिस पर सुनवाई उपरांत न्यायालय द्वारा दोनों वाहन चालकों पर कुल 25,000/- का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

# कराते चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




कराते इंडिया नेशनल चैंपियनशिप 2 से 5 जनवरी तक डेली कॉलेज इंदौर में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कराते एसोसिएशन ऑफ देवास के 5 खिलाड़ी ने मध्य प्रदेश कराते एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व करते हुए मनन डाबी, तन्मय भद्रेजा, हर्षित पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और माधृती चितरे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया कृष्णा सिंह तोमर ने सहभागिता प्राप्त की। इस उपलब्धि पर कराटे इंडिया और कराटे एसोसिएशन आफ देवास के अध्यक्ष विक्रम सिंह पवार, उपाध्यक्ष राजेश यादव, अजय सूर्यवंशी, जुगनू गोस्वामी, जितेंद्र वर्मा, सह सचिव सचिन परिहार, दीपक बामनिया, अक्षय और सीनियर खिलाड़ी यश मकवाना, नितिन शर्मा, तरुण परमार, पंकज मौर्या, रघुवीर सिंह चौहान, राजदीप चौहान, यशस्वी सेन, अमीषा पटेल, कृतिका सेन,पारोमिता दास, कृति बेस , अंजलि दवे, भूमिका पटेल, प्रेरणा राय, हिमांशु चौधरी, राहुल वर्मा, उर्मिला सोनार, राज सोनी, राजेश्वरी, सभी ने बधाई दी यह जानकारी कराटे एसोसिएशन ऑफ देवास के सचिव आतिश माली द्वारा दी।

# शीतलहर की दृष्टि से उपायुक्त जाफरी ने मध्यरात्रि में शहर के आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



तापमान में लगातार आ रही गिरावट एवं शीतलहर की स्थिति को देखते हुए नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने 4 जनवरी रविवार की मध्यरात्रि में शहर के तीनों आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया जाकर जिला चिकित्सालय से 7 और बस स्टैंड से 2 जरूरतमंद लोगों को निगम के वाहन से रैन बसेरे में पहुंचाया। इस दौरान आश्रय स्थलों में रह रहे जरूरतमंद एवं बेघर व्यक्तियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा भी लिया।निगम स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के हरेन्द्रसिंह ठाकुर ने बताया कि उपायुक्त जाफरी ने भोलेनाथ रोड, साईं मंदिर, उज्जैन रोड इटावा बस स्टेण्ड आश्रय स्थल का मध्यरात्रि टीम नगर निगम के एन. यू.एल. एम. विभाग के सिटी मिशन मैनेजर विशाल जगताप, आश्रय स्थल के प्रभारी जितेंद्र मेहता और हेमंत श्रीवास सहित अन्य कर्मचारीयों के साथ निरीक्षण किया साथ ही त्वरित कार्रवाई करते हुए महात्मा गांधी जिला चिकित्सालय परिसर और ए.बी.रोड स्थित बस स्टैंड परिसर का भ्रमण कर जरूरतमंदों को आश्रय स्थलों तक पहुंचाने की पहल की। नगर निगम की टीम ने खुले स्थान पर सो रहे लोगों को समझाइश दी कि शासन द्वारा की गई आश्रय स्थल की सुविधा का लाभ लेवे। बस स्टैंड परिसर से ग्राम हाटपिपल्या जाने वाले एक आदिवासी दंपति किसन को बच्चे सहित और जिला चिकित्सालय से लक्ष्मण मौर्य, रामनिवास अखंड, खातेगांव के रामविलास, रमेश लोधी और सलमान को आश्रय स्थलों में पहुंचाया गया। उपायुक्त जाफरी ने आश्रय स्थलों में उपलब्ध कंबल, बिस्तर, गर्म पानी, प्रकाश व्यवस्था एवं स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीत ऋतु के दौरान कोई भी व्यक्ति खुले में सोने के लिए मजबूर न हो, यह सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देशित किया कि आश्रय स्थलों में नियमित निगरानी रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त व्यवस्थाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर जरूरतमंदों को आश्रय स्थलों तक पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी की जाए।

# घंटा बजाकर विधायक निवास पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के निर्देश पर बागली कांग्रेस कमेटी ने दिलीप गुर्जर के नेतृत्व में इन्दौर के भागीरथ पुरा में हुई दूषित पानी से 14 मौतों के विरोध में थाना चौराहे पर घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली के रूप में विधायक निवास पहुंचे।

रैली में कैलाश विजयवर्गीय मुर्दाबाद के नारे लगाए। बड़ी संख्या में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता नगर परिषद कार्यालय भी पहूंचे व यहां भी जमकर घंटे बजाते हुए कैलाश विजयवर्गीय मुर्दाबाद के नारे लगाए। दिलीप गुर्जर ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान सरकार मदमस्त हो चुकी है और जान की कीमत दो लाख रुपए आंकने लगी है उन्होंने बागली नगर परिषद से नल जल व्यवस्था की जांच करने की मांग की। प्रदर्शन में मुख्य रूप से राजेन्द्र ईनाणी, ओमप्रकाश शर्मा, श्यामा तोमर, राधेश्याम कलिया, कपिल पटेल, संजय योगी सतवास, विष्णु मीणा नाहर सिंह मुजाल्दे, गोपाल भोंसले, जीवन चौहान, हुक्म कंठाली, निर्मला कंठाली, युनुस शाह, मुकेश भाटी, ईन्दर पाचोरिया पार्षद, कमलेश परमार, मिन्टू गुर्जर अजीज मंसूरी सहित अन्य उपस्थित थे।

### जल वितरण व पानी की गुणवत्ता को लेकर विधायक ने ली अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक

# पेयजल वितरण सिस्टम को ओर बेहतर बनाए: विधायक पंवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर मे हो रहे जल वितरण को लेकर विधायक गायत्री राजे पवार ने निगम आयुक्त दलीप कुमार के साथ निगम बैठक हाल मे जल प्रदाय से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ शहर मे किये जा रहे जल वितरण एवं पानी की गुणवत्ता को लेकर विस्तृत चर्चा की। सभी वार्डो मे पानी वितरण का समय एवं पानी वितरण मे कुछ स्थानो पर आ रही समस्या पर विधायक ने अधिकारियों से जानकारी लेते हुये तत्काल निराकरण हेतु कहा। पेयजल वितरण सिस्टम को ओर बेहतर बनायें इसमे पार्षदों का सहयोग लें। शहर की पानी की टंकियों को हर 3 माह मे साफ करवाने के साथ ही टंकियों पर साफ सफाई की दिनांक को अंकित किया जाये। वार्डो मे पीने के पानी की सप्लाई लाईन को निरंतर चेक करें। वार्डो मे जलप्रदाय की पाईप लाईन डालने या अन्य विभागीय कार्य किये जाते हैं तो वार्ड पार्षद को अवगत करायें। जनप्रतिनिधियों को विश्वास मे लेकर वार्डो मे किये जा रहे कार्य ओर आसानी से होगें। विधायक ने वार्डो की मूलभूत सुविधाओं को लेकर पार्षदगणों से चर्चा कर वार्डो मे आ रही समस्या को नोट करने ओर निराकरण करने की कार्यवाही करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती को दिये। कालेज एवं स्कुलों की पानी की टंकियां साफ हो। समय समय पर इनकी भी जांच हो की व्यवस्था पर सभापति रवि जैन ने चर्चा कर स्कुल के संस्थापकों से रिपोर्ट लिये जाने हेतु कहा। वार्डो मे जहां अवैध नल कनेक्शन हों को वैध करने की कार्यवाही पर भी चर्चा श्री जैन ने की। आयुक्त ने कहा कि पानी की गुणवत्ता को लेकर पानी सप्लाय के समय नलों एवं घरों पर जाकर निगम की टीम द्वारा पानी की जांच की गई जो मानक स्तर पर सही पाई गई। कुछ वार्डो मे पानी की समस्या थी उसका तत्काल निराकरण किया गया है। पानी का अपव्यय रोकने के लिये नागरिकों को नलों मे टोटी लगाने हेतु जागरूक किया जायेगा। सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को वार्डो मे पानी सप्लाय को लेकर सख्त निर्देश दिये गये है कि किसी भी वार्ड मे गंदे पानी की समस्या उत्पन्न नही होवे का विशेष ध्यान रखें। बैठक में निगम नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिह बैस, लोक निर्माण समिती अध्यक्ष गणेश पटेल, शहर गरीबी उपशमन समिती अध्यक्ष शीतल गेहलोत, पार्षद राजा अकोदिया, बाली घोसी, राहूल दायमा, महेश फुलेरी, नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहूल पवार, पार्षद प्रतिनिधि प्यारे मियां पठान, वसीम हुसैन, महेन्द्र देशमुख, निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, आरती खेडेकर, प्र. कार्यपालन यंत्री सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया व निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 11 जनवरी को भौरासा में होगा हिंदू सम्मेलन, तैयारियां पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर मे संघ शताब्दी वर्ष अंतर्गत हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं। नगर में 11 जनवरी को हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाना है। होने वाले हिन्दू संगम अंतर्गत पहले बौद्धिक कार्यक्रम होंगे।

इसमें महिलाएं बच्चे भी भाग लेंगे। इसके बाद सहभोज का आयोजन होगा। संगठन की शक्ति और संकल्प का अनुपम दृश्य हिंदू संगम में देखने को मिलेगा। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं की उत्साह जनक उपस्थिति में नव ऊर्जा संचार होगी। कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण प्रेरक पक्ष माता बहनों की गरिमामय उपस्थित रहेगी।

संघ के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर आयोजन समिति पिछले दो माह से इसकी तैयारी मे लगे हुए है एवं लगातार बैठके चल रही है। सम्मेलन के पूर्व ही नगर में हिंदुत्वमय वातावरण बनने लगा है।

## खबर संक्षेप

### भूसा रखने गई किशोरी ने लगाई फांसी

**ललितपुर**। मसौरा खुर्द गांव में सोमवार सुबह एक 17 वर्षीय किशोरी ने भूसा रखने वाले कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी की पहचान शिवनारायण कुशवाहा की बेटी रक्षा कुशवाहा के रूप में हुई है। यह घटना सुबह लगभग 7.30 बजे हुई। पिता शिवनारायण कुशवाहा ने बताया कि वह सुबह अपनी बेटी के साथ जानवरों को चारा डालने गए थे। वहां बेटी ने उनसे घर जाने को कहा और इसके बाद भूसा रखने वाले कमरे में फांसी लगा ली। पिता जब दूध लेकर घर लौटे और काफी देर तक बेटी नहीं आई, तो उन्होंने जाकर देखा। रक्षा कुशवाहा भूसा घर में छत के कुंदे से रस्सी के सहारे लटकी मिलीं। पिता ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। किशोरी ने किन कारणों से यह कदम उठाया, इसका पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### घर के सामने पेशाब करने पर मारपीट

**ललितपुर**। थाना बानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम डगराना में रहने वाली पानबाई पत्नी राजू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 26 दिसम्बर को सुबह करीब 8 बजे उसके 12 वर्षीय पुत्र खुमान ने गांव के गौरव पुत्र विनोद, विनोद पुत्र बूठा, रतू पुत्र ग्यासी, कुंवरबाई पत्नी रतू अहिरवार के बेड़ा के सामने पेशाब कर दी थी। इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने उसके 16 वर्षीय दूसरे पुत्र नरेन्द्र कुमार को गालियां दीं और मना करने पर लातघूसों से मारपीट कर दी। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग आ गये, जिन्हें देखकर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अनियंत्रित होकर ट्रक दुकान में घुसा

**ललितपुर**। तालबेहट में सोमवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रक सडक़ किनारे स्थित एक मेडिकल स्टोर और किराने की दुकान के टीन शेड में जा घुसा। इस घटना में लोग बाल-बाल बच गए। दुर्घटना का कारण ट्रक चालक को मिर्गी का दौरा पडऩा बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस और उपजिलाधिकारी मौके पर पहुंचे। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11.15 बजे के दरम्यान हुई। तालबेहट से माताटीला की ओर जा रहा ट्रक तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के माताटीला मार्ग पर तहसील के निकट अनियंत्रित हो गया। ट्रक तहसील के सामने विधा मेडिकल कॉलेज और कमल जैन की किराने की दुकान के आगे लगे टीन शेड में घुस गया। ट्रक को अनियंत्रित होता देख वहां मौजूद लोगों ने दौडक़र अपनी जान बचाई। दुर्घटना के बाद जब चालक को ट्रक से नीचे उतारा गया, तो पता चला कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ा था। चालक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों ने सडक़ किनारे से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर**। थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम झरावटा निवासी ज्ञानचंद्र जैन पुत्र मनोहर जैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को शाम करीब 7 बजे गांव का कपिल पुत्र शिवचरन पटेल आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर कपिल ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। यह भी आरोप है कि कपिल ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर पर कपिल के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ई रिक्शा पलटने से युवक की मौत

**गंजबासौदा**। विगत दिनों जन्मदिन की पार्टी के बाद घर लौट रहे 18 वर्षीय युवक की ई-रिक्शा पलटने से मौत हो गई। हादसा तिरंगा चौक और सिरोंज चौराहा के बीच हुआ। मृतक राजकुमार अहिरवार रजोदा का रहने वाला था। वह दोस्तों गोलू, अजय और मनीष के साथ तिरंगा चौक पर जन्मदिन मनाकर ई-रिक्शा से लौट रहा था।

---

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026, छात्रों को प्रशिक्षण दिया

# हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाएं, 4 पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग करें






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद ललितपुर में 1 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 मनाया जा रहा है। सडक़ सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रथम सडक़ सुरक्षा सप्ताह का भव्य शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा विभाग के डीआईओएस ओमप्रकाश के नेतृत्व एवं निर्देशन में राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में संपन्न कराया गया।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद के समस्त स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों के लिए था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी कालू सिंह थे। प्रशिक्षण मुख्य अतिथि एएसपी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर आलोक तिवारी तथा टीएसआई साकिब हाशमी द्वारा दिया गया। इस दौरान एडिशनल एसपी ने छात्रों को ट्रैफिक नियमों को बारीकी से समझाते हुए उन्हें हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशा करके गाड़ी न चलने, मोबाइल का प्रयोग गाड़ी चलाते हुए ना करने, ड्राइविंग लाइसेंस को बनवाने, सडक़ सुरक्षा संकेतों का पालन करने आदि के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त साइबर अपराध से बचने के तरीकों, मोबाइल की सेटिंग में ऑटो डाउनलोड बंद रखने तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं के लिए सुरक्षा मानकों को अपनाने की भी सलाह दी गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर आलोक तिवारी ने ट्रैफिक नियमों के बारे में स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षण दिया तथा उन्हें सडक़ सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी छात्रों से ड्राइविंग लाइसेंस जरूर बनवाने तथा गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करने के बारे में हिदायत देते हुए उन्हें किसी भी परिस्थिति में मोबाइल का प्रयोग गाड़ी चलाते हुए ना करने तथा नशा करके गाड़ी न चलाने के बारे में उचित सलाह दी गई।

#### स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षित किया

ट्रैफिक इंस्पेक्टर साकिब हाशमी ने भी सभी स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षित किया तथा उनकी अवहेलना करने पर होने वाले चालान तथा जुर्माने के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम प्रभारी वर्णी जैन इंटर कॉलेज के एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट संजीव कुमार शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष स्काउट रमेश कुमार तिवारी थे। इसमें वर्णी जैन इंटर कॉलेज ललितपुर, नेहरू महाविद्यालय ललितपुर, दीपचंद चौधरी महाविद्यालय ललितपुर तथा पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय ललितपुर के एनसीसी छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज ललितपुर, राजकीय इंटर कॉलेज ललितपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तालबेहट, राजकीय इंटर कॉलेज जखौरा, पी एन इंटर कॉलेज ललितपुर, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर आदि के स्काउट तथा गाइड छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बाहुबली जैन, अनिल राठौड़, बृजेश, विक्रम राजा, मनोज कुमार, लक्ष्मी सिंह, मीरा देवी तथा सभी विद्यालयों के शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

# छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया

### सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रभांशु नगाइच एवं सहायक कार्यकम अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया, तथा सड़क सुरक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र पुरोहित एवं सहायक सड़क सुरक्षा प्रभारी राजकुमार पटेल के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रभांशु नगाइच, सहायक राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव, सड़क सुरक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र पुरोहित एवं सहायक सड़क सुरक्षा प्रभारी राजकुमार पटेल ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलितत किया।

#### वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें

डॉ लतिका सुडेले ने कहा कि छात्र-छात्राएं वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, एवं नियंत्रित गति से वाहन चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि नाबालिग छात्र-छात्राएं वाहन का प्रयोग न करें। बालिग छात्र-छात्राएं भी लाइसेंस के साथ वाहन चलायें, एवं अपने परिवार और पडोस के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। जिससे बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। आईक्यूएसी० प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि यातायात के नियमों का पूर्णतः पालन करें, क्योंकि जीवन बहुमूल्य है इससे खिलवाड़ न करें।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, डॉ साकेत कुमार, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, अमित, गोलू, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

---

# अधिकारियों ने पाली तहसील में सुनी फरियादियों की शिकायतें

### तहसीलों में आयोजित हुआ पहला संपूर्ण समाधान दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में वर्ष 2026 का पहला सम्पूर्ण समाधान दिवस सभी तहसीलों में आयोजित किया गया, जहां जिले के आला अधिकारियों ने दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर कुछ शिकायतों का निस्तारण भी कराया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव व मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने तहसील पाली पहुंचकर वहां आये फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और मौके पर उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों ने निस्तारण भी कराया,साथ ही जो शिकायतें शेष बच गईं, उनके सम्बंध में विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन के उपरान्त निस्तारण कराने के निर्देश दिये। यह भी निर्देश दिये गए कि शिकायतकर्ताओं की समस्या का निस्तारण उनकी संतुष्टि के आधार पर कराया जाए। तहसील पाली में कुल 19 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 10, पुलिस के 2, पूर्ति के 2, विकास के 3 तथा वन विभागों के 2 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया।

#### किस तहसील में कितनी शिकायतें मिली

तहसील ललितपुर में कुल 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 4, पुलिस विभाग के 2, विद्युत के 2 तथा अन्य विभागों के 9 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 3, पुलिस के 2, पूर्ति के 4 तथा अन्य विभाग का 1 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तालबेहट में कुल 23 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 13, पुलिस के 3, विकास के 2, विद्युत के 4 तथा अन्य विभाग का 1 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 2 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मड़ावरा में कुल 3 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व का 1 तथा पुलिस के 2 प्रार्थना पत्र शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, उप जिलाधिकारी निशान्त तिवारी, तहसीलदार पाली, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# बलरामपुर के पूर्व सांसद को हत्या के मामले में जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बलरामपुर के पूर्व सांसद रिजवान जहीर को जमानत मिलने के बाद ललितपुर जेल से रिहा कर दिया गया है। वह तीन साल पांच महीने से जेल में बंद थे। उनकी रिहाई 3 जनवरी की सुबह हुई, जिसके लिए उनके परिजन जेल पहुंचे थे। रिजवान जहीर को बलरामपुर की नगर पंचायत तुलसीपुर के पूर्व अध्यक्ष फिरोज पप्पू की जनवरी 2022 में हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें 11 जुलाई 2022 को बलरामपुर जेल से ललितपुर जेल स्थानांतरित किया गया था, तभी से वह यहीं बंद थे। जेल में रहने के दौरान नवंबर 2024 में उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। इसके बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। इसके अलावा, 31 मई 2025 को जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव के जेल निरीक्षण के दौरान मिलती पाई गई थीं। उनके पास पांच-पांच सौ रुपये की गड्डियां, ब्रांडेड कंपनी के शैंपू, साबुन, गद्दा और तकिया भी बरामद हुआ था। इस मामले के बाद डिप्टी जेलर जय नारायण भारती, हेड वार्डन वीरेंद्र शाह, राजेंद्र प्रसाद और जेल वार्डन रजनीश यादव को निलंबित कर दिया गया था। जेल अधीक्षक शिव मूरत सिंह ने पुष्टि की है कि पूर्व सांसद रिजवान जहीर को 3 जनवरी की सुबह जेल से रिहा कर दिया गया है।

---

# राम मंदिर के प्रणेता पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह को जन्म जयंती पर भावांजलि दी गई

### कार्यकर्ताओं ने उनके संस्मरण सुनाते हुए याद किया

**ललितपुर**। भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी प्रेरणा स्त्रोत एवं राम जन्मभूमि मंदिर के प्रणेता बाबू कल्याण सिंह जी की जन्म जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि, श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया ।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके विषयक संस्मरण सुना कर उन्हें भावांजलि अर्पित कीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे ने किया एवं संचालन जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड ने कहा कि बाबू कल्याण सिंह जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की यात्रा के समय के साक्षी रहे हैं। उन्होंने वह समय भी देखा जब जनसंघ की उत्तर प्रदेश में संविद सरकार बनी थी और वे स्वास्थ्य मंत्री रहे थे फिर वह समय भी देखा जब जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हो गया था। उन्नीस सौ अस्सी में पुरानी जनसंघ ने भारतीय जनता पार्टी के नाम से फिर यात्रा शुरू की ।उस समय भाजपा के उत्तर प्रदेश में मात्र सोलह विधायक थे । और फिर उनके ही नेतृत्व में उन्नीस सौ एकानबै उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी वनी । लेकिन राम जन्मभूमि के मुद्दे पर उन्होंने ढांचा गिर जाने दिया लेकिन कारसेवकों पर गोलियां चलाने से इनकार कर दिया भले ही उनकी सरकार सहित भारत में भाजपा की अन्य सरकारें बर्खास्त कर दी गयी।उनका राम मन्दिर का सपना आज पूरा हो चुका है।और साथ ही बाबू कल्याण सिंह जी की यश-कीर्ति सारे विश्व में फैल रही है ।आज जब भी हम लोग राममंदिर के दर्शन करने जाते हैं तो साथ ही बाबू की याद अनायास श्रद्धा से आ जाती हैं। अन्य कार्यकर्ताओं ने भी संस्मरण सुनाए। इपूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे,एस आई आर प्रमुख हरीराम निरंजन, पूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, सहकारी बैंक जिला अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, प्रांतीय परिषद सदस्य शशिशेखर पांडेय, युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम, किंजल्क हुड्डैत,चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डा दीपक चौबे, मण्डल अध्यक्ष बृजेश कुमार राजपूत,दीपक पाराशर, सुनील मिश्रा मसौरा,हरेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला,माधव पाठक बंट, अवतार सिंह लोधी एड,जगभान सिंह लोधी एड विश्वनाथ झा आदि मौजूद रहे।

---

### महाविद्यालय में शिविर आयोजित किया गया

# छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश के क्रम में रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय तथा नेहरू महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में अग्निकांड, भूकंप, आकाशीय बिजली, सर्पदंश, डूबना, बाढ़ इत्यादि आपदा के सम्बंध में प्रशिक्षण देते हुए एनसीसी, एनएसएस, स्काउट के बच्चों को जागरूक किया गया, साथ ही दोनों महाविद्यालय के आपदा प्रबंधन समिति को जागरुक करते हुए समस्त रिकॉर्ड तैयार करने तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यवाही करने हेतु कार्य योजना का क्रियान्वयन करने हेतु कहा गया।

आपदा प्रबंधन में आरती सिंह आपदा विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न आपदाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि आपदा के समय मानवता बनाए रखना चाहिए, जिससे व्यक्ति विशेष की मदद करने में मानवता रखने पर हम आपदा प्रबंधन का बेहतर प्रबंध कर सकते हैं। साथ ही मदन गोपाल वर्मा फायर सेफ्टी ऑफिसर द्वारा अग्निकांड आपदा में किस तरह प्रबंध कर चलने पर अग्निकांड आपदा से बचाव किया जा सकता है, के बारे में बताया गया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ एवं दोनों विद्यालयों के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे, साथ ही आपदा प्रबंधन की टीम अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा बेहतर प्रबंधन की जानकारी दी गई।

---

### खेत में पानी लगा रहे किसान से मारपीट

**ललितपुर**। खेत में पानी लगाते समय गांव के दबंग व्यक्ति ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित किया और गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि जान से मारने की धमकी भी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हमलावर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सौंरई के शान्तिनगर निवासी पवन अहिरवार पुत्र रामलाल ने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी को शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत में खड़ी फसल में पानी लगा रहा था। तभी गांव के सुल्तान यादव पुत्र पिरकू यादव आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर सुल्तान ने डण्डा से मारपीट करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित कर जान से मारने की धमकी दी।

---

### नेशनल फुटबॉल के लिए चयनित

# भारतीय वाल्मीकि कल्याण महासभा ने किया आदित्य नरया को सम्मानित



**ललितपुर**। भारतीय वाल्मीकि कल्याण महासभा ने जनपद के फुटबॉल खिलाड़ी आदित्य नरया सम्मान किया । आदित्य नरया का नेशनल फुटबाल के लिए चयन हुआ। फुटबॉल टीम में चयन से जनपद का नाम रोशन किया। जलंधर पंजाब खेलने जाते समय संस्था के पदाधिकारीओ ने आदित्य को सम्मान किया ओर आदित्य नरया जी के पिता सचिन नरया भी फुटबॉल के जाने माने खिलाड़ी रहे हैं सर्विस में रहकर आज भी फुटबाल क्या अच्छे खिलाड़ी हैं। वही चौधरी दीपक घावरी ने कहा की जनपद ललितपुर में सचिन नरया जी अम्बेडकर क्लब फुटबाल टीम में एक गोलकीपर के रूप में अंबेडकर स्टार क्लब को बहुत से मैचो में विजय हासिल दिलाए और आज भी जनपद ललितपुर का नाम रोशन कर रहे है उन्हीं के नक्शे कदम पर चलकर उनके बड़े पुत्र आदित्य नरया भी आज नेशनल खेलने के लिए जालंधर जा रहे है संस्था के सभी पदाधिकारीओ ने आदित्य के उज्जवल भविष्य की कामना कर समाज का नाम रोशन करने के लिए बधाइयां दी, स्वागत करते समय उपस्थित, दीपक घावरी, विक्रम चौहान, अशोक कप्तान, माथुरा प्रसाद बैचेन, अशोक करोसिया आदि मौजूद रहे।

---

### गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में आयोजित

# गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व धूमधाम व श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। सुबह श्रीअखंड पाठ साहिब की समाप्ति सरदार अवतार सिंह द्वारा हुई। निशान साहब के चोले की सेवा सरदार रणवीर सिंह परमार, ओंकार सिंह सलूजा द्वारा हुई।

पटियाला से आए रागी जत्था इंद्रजीत सिंह ने गुरबाणी कीर्तन ब कथा करते हुए बतलाया की श्रीगुरु गोबिन्द सिंह ऐसे इतिहास पुरूष थे, जिन्होंने ताउम्र अन्याय, अधर्म, अत्याचार और दमन के खिलाफ तलवार उठाई और लड़ाइयां लड़ी। गुरूजी की तीन पीढियों ने देश धर्म की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया। अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे। वे एक महान दार्शनिक, प्रख्यात कवि, निडर एवं निर्भीक योद्धा, युद्ध कौशल, महान लेखक और संगीत के पारखी भी थे। गुरु गोबिंद सिंह ने एक खालसा वाणी वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह स्थापित की। साथ ही उन्होंने आदर्शात्मक जीवन जीने और स्वयं पर नियंत्रण के लिए खालसा के पांच मूल सिद्धांतों की भी स्थापना की। जिनमें केस, कंघा, कड़ा, कछ, किरपाण शामिल है। ये सिद्धान्त चरित्र निर्माण के मार्ग थे। गुरु गोबिंद सिंहजी ने अपने जीवन में आनंदपुर, भंगानी, नंदौन, गुलेर, निर्मोहगढ, बसोली, चमकोर, सरसा व मुक्तसर सहित 14 युद्ध किए। इन जंगों में मुगल सूबेदारों ने हर बार मुंह की खाई। सितम्बर 1708 में गुरु दक्षिण में नांदेड़ चले गए और बैरागी लक्ष्मण दास को अमृत छका और युद्व कौशल से पारंगत कर बंदा सिंह बहादुर बनाया और उन्हें खालसा सेना का कमाण्डर बनाकर संघर्ष के लिए पंजाब भेज दिया। पंजाब पहुंच कर बन्दा सिंह बहादुर ने चप्पा चीड़ी की जंग जीती। अक्तूबर 1708 में महाराष्ट्र के नांदेड़ साहिब में गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपनी आखिरी सांस ली। इस प्रकार से पहले पिता गुरु तेग बहादुर सिंह, फिर चारों पुत्रों ने और बाद में श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने स्वयं बलिदान देकर धर्म की रक्षा की। स्वामी विवेकानंद जी ने गुरू गोबिंद सिंह जी को एक महान दार्शनिक, संत, आत्मबलिदानी, तपस्वी और स्वानुशासित बताकर उनकी बहादुरी की प्रशंसा की थी। स्वामी विवेकानंद ने कहा था मुगल काल में जब हिन्दु धर्मों के लोगों का उत्पीडऩ हो रहा था तब श्री गुरू गोबिंद ने अन्याय, अधर्म और अत्याचारों के खिलाफ और उत्पीड़ित जनता की भलाई के लिए बलिदान दिया था जो एक महान बलिदान है। इस प्रकार से गुरू गोबिंद सिंह जी महानों में महान थे। इस दौरान श्रीराम हनुमान जयंती महोत्सव समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, बब्बू राजा, महेश श्रीवास्तव, दीपक चौबे, धुरव राजा, सुरेंद्र राठौड़, आशुतोष चौहान, ओ.पी.रिछारिया, चंद्रशेखर राठौर, दीप सिंह सलूजा, परमजोत सिंह सलूजा, प्रगुण सिंह, प्रभजोत सिंह, विशाल सिंह, आशीष श्रीवास्तव, तय्यब खान, केदार सिंह, बलदेव सिंह, नगर कीर्तन शोभा यात्रा में विशेष सहयोग देने के लिए सरोपा व सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। लंगर की सेवा ओंकार सिंह आकाश सलूजा, सरदार अवतार सिंह, वीरेंद्र सिंह बीके, स्वर्गीय नरेंद्र सिंह सागरी, दूध की सेवा हरकीरत सिंह, बलदेव सिंह, चरण जीत सिंह परिवार द्वारा हुई। इस दौरान ओंकार सिंह, हरविंदर सिंह, मनजीत सिंह सलूजा, परमजीत सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, चरणजीत सिंह, रविंदर सिंह राणा, पत्रकार राजीव श्रीवास्तव, परसन सिंह, पलविंदर सिंह, मेजर सिंह, जसपाल सिंह, मनिंदर सिंह, जगजीत सिंह, दलजीत सिंह, सतनाम सिंह भाटिया आदि मौजूद रहे।

राजगढ़, खिलचीपुर क्षेत्र में पूरे दिन छाई रही धुंध, भीषण ठंड से जनजीवन हुआ प्रभावित

# वसुंधरा ने ओढ़ी कोहरे की चादर, 24 घंटे में 3 डिग्री नीचे लुढ़का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले के न्यूनतम तापमान ने रविवार से अचानक करवट बदली और पूरे दिन सर्द हवाओं के साथ पूरे क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। मुख्यालय पर रविवार तड़के यह हालात थे कि दृश्यता महज 50 मीटर के आसपास थी और हाईवे पर वाहन चालक हेडलाईन जलाकर गंतव्य तक पहुंचते नजर आए। रविवार को पूरे दिन ही लगभग क्षेत्र कोहरे और धुंध से लिपटा रहा। शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान जो 8.2 डिग्री रिकार्ड किया गया था वह 24 घंटे में और ज्यादा लुढ़कते हुए 5.0 डिग्री तक पहुंच गया। सर्द हवाओं और भीषण सर्दी का आलम यह था कि विभिन्न चैक-चैराहों पर लोग दिन में भी अलाव जलाकर अपने आप को सर्दी से बचाते नजर आए। रविवार तड़के क्षेत्र के खेतों की फसलों पर ओस की बूंदों के साथ ही बर्फ की हल्की परत भी जमीं हुई देखी गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में हालात और ज्यादा नाजुक होने की संभावना है वहीं मावठे की बारिश से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

**दिन में भी अलाव का सहारा लेकर अपने को गर्म रखते नजर आए लोग**



### इस मौसम में इन बातों का विशेष रूप से रखे ध्यान

ठंड और भीषण शीतलहर के बीच अनावश्यक यात्रा न करें और जितना संभव हो घर के अंदर ही रहें। ठंड में पर्याप्त ऊनी कपड़े पहन एवं सिर, गर्दन, पैरों, कानों को पूरी तरह ढककर रखें। बाहर जाते समय मफलर, ग्लब्स सहित अन्य कपड़े अवश्य रूप से पहले। इसके साथ ही विटामिन-सी से युक्त फल, सब्जियों को भी चिकित्सकों ने इस मौसम के लिए बेहतर बताया है। नाक बहने, नाक बंद होने, बुखार, नाक से खून आने जैसे लक्षण कों नजरअंदाज न करते हुए तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

### मोहनपुरा से भी सर्द हवाओं का जुड़ाव

क्षेत्र में बीते कुछ वर्षो से तापमान में लगातार दर्ज की जा रही गिरावट को जिले में निर्मित मोहनपुरा, कुंडालिया, बांकपुरा सहित अन्य सिंचाई परियोजनाओं को भी माना जा रहा है। इन परियोजनाओं से जहां जिले के वाटरलेवल में वृद्धि हुई है वहीं हवाएं भी बड़े-बड़े बांधों के सीधे संपर्क में आकर सर्दी और शीतलहर को बढ़ा रही हैं।

### आम नागरिकों ने बच्चों की छुट्टियों की रखी मांग

जिले के तापमान में अचानक आई कमी, भयंकर शीतलहर एवं कोहरे को देखते हुए छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर न पड़े, इसको देखते हुए तापमान सामान्य होने तक छोटे बच्चों के स्कूलों की छुट्टियां करने की मां आमजनों द्वारा की जा रही है।

### बीते एक हफ्ते में जिले का न्यूनतम तापमान

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 04 जनवरी | 8.5 |
| 03 जनवरी | 8.2 |
| 02 जनवरी | 9.0 |
| 01 जनवरी | 7.6 |
| 31 दिसंबर | 6.5 |
| 30 दिसंबर | 4.6 |

भाई के सर को बुरी तरह नोचते देख बहन ने दिया साहस का परिचय

# 5 साल के भाई को बचाने 8 वर्षीय मासूम लीजा आवारा कुत्ते से भिड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर में रविवार सुबह एक आवारा कुत्ते के हमले में दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। 5 वर्षीय क्रिश और 8 वर्षीय लीजा को प्राथमिक उपचार के बाद राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह घटना खिलचीपुर के सोमवारिया क्षेत्र स्थित वार्ड नंबर 3 में हुई। स्थानीय मजदूर सुरेश राव के बच्चे क्रिश और लीजा रविवार सुबह अपनी बुआ के घर के बाहर खेल रहे थे। तभी एक आवारा कुत्ते ने 5 वर्षीय क्रिश पर हमला कर दिया और उसके सिर को बुरी तरह नोच लिया, जिससे खून बहने लगा।



### कुत्ते से भिड़ गई बहन

अपने भाई को बचाने के लिए 8 वर्षीय लीजा कुत्ते से भिड़ गई। वह करीब तीन मिनट तक कुत्ते से लड़ती रही। इस दौरान कुत्ते ने लीजा पर भी हमला किया। कुछ देर बाद लोग मौके पर पहुंचे और कुत्ता वहां से भाग गया।क्रिश के सिर से लगातार खून बहता देख लीजा ने तुरंत अपनी टी-शर्ट उतारकर उसके सिर पर लपेट दी, ताकि रक्तस्राव को रोका जा सके। लीजा की इस सूझबूझ और हिम्मत की लोगों ने सराहना की।

### दोनों बच्चे जिला अस्पताल रेफर

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और बच्चों की मां पूनम राव मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घायल बच्चों को संभाला और मजदूरी पर गए पति सुरेश राव को बुलाया। इसके बाद दोनों बच्चों को तत्काल खिलचीपुर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें राजगढ़ जिला अस्पताल रेफर कर दिया।डॉक्टरों ने बताया कि क्रिश के सिर में गंभीर घाव हैं, जबकि लीजा के हाथ, चेहरे और सिर पर चोटें आई हैं। फिलहाल दोनों बच्चों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# दो नेत्रहीनों की जिंदगी में रोशनी दे गई दुर्गा



**ब्यावरा।** खिलचीपुर से पहला नेत्रदान मरणोपरांत दुर्गा बाई पत्नी स्व रामगोपाल का नेत्रदान करवाने का निर्णय उनके सुपुत्रों श्यामसुंदर , गिरिराज एवं ओम ने खुशबू गुप्ता बाढ़गांव के निवेदन पर परोपकार की भावना अपनी सहमति प्रदान की। खुशबू ने नवज्योती नेत्रदान समिति, जीरापुर की अध्यक्षा पूजा गुप्ता के माध्यम से इंदौर स्थित शंकरा नेत्रालय की विशेषज्ञ टीम अनिल जी गोरे द्वारा खिलचीपुर में पुण्यात्मा के निवास पर परिवार की उपस्थिति में नेत्रदान की पावन प्रक्रिया विधिवत सम्पन्न करवाई।

नेत्रदान को सम्पन्न करवाने में समाजसेवी प्रशांत मूंदड़ा ब्यावरा का सहयोग स्थानीय रहा। नेत्रदान उपरांत पूजा गुप्ता ने स्वर्गस्त आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व दुर्गा बाई ने मरणोपरांत भी दो नेत्रहीनों की आंखों को रोशनी से सदा के लिए रोशन कर समाज को नेत्रहीनता निवारण हेतु प्रेरणा प्रदान की है। पूजा ने आगे कहा कि नेत्रदान से चेहरे पर किसी भी प्रकार की विकृति नहीं आती, नेत्रदान में पूरी आंख नहीं वरन केवल कॉर्निया लिया जाता है अतः निश्चिंत होकर नेत्रदान का संकल्प ले तथा आमजन से नेत्रदान की अपील की।

स्टेडियम परिसर में आयोजित हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता

# रेस में अव्वल आने सौंधिया समाज के बच्चों ने दिखाया दम

**राजगढ़।** अभा सौंधिया राजपूत महासभा के तत्वावधान में रविवार को मुख्यालय स्थित स्टेडियम प्रांगण में जिला स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से चयनित 3-3 बालक एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक दौड़ में सहभागिता की। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन का प्रदर्शन का भी परिचय दिया। महासभा के पदाधिकारियों ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन निरंतर किए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन समाजजनों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए भविष्य में और बड़े स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

### ये बच्चे रहे विजेता

दौड़ प्रतियोगिता में सविता सिसोदिया ब्लॉक खिलचीपुर, मनीषा पंवार ब्लॉक खिलचीपुर एवं निशा पंवार फूलखेड़ी राजगढ़ ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बालक वर्ग में खिलचीपुर ब्लॉक के रोहित, पोलाखेड़ा के बलराम एवं ब्यावरा ब्लॉक के योगेश ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीते। इसमें सचिव राम नारायण सोलंकी, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमराज कल्पोनी, ईश्वरसिंह तोमर, के.पी पंवार, राजेंद्र सिंह कीलखेड़ा, चंदर सिंह तोमर, सुल्तान सिंह मोतीपुरा, शिव सिंह, शिवराज सिंह नारायणघटा, नरवर सिंह सिसोदिया, इंदर सिंह नाईपुरिया, विक्रम सिंह कीलखेड़ा आदि उपस्थित रहे।

### शीत लहर चलने से जनजीवन प्रभावित



**छापीहेड़ा।** वर्ष 2025 के समापन होते ही मौसम ने अपना मिजाज शीतलहर के साथ बदल दिया है यानी साल के चौथे दिन कड़ाके की ठंड ने भयावक दस्तक दे दी है जिसका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था शीत लहर का प्रकोप घर से बाहर निकलते ही देखने को मिल जाता है। शीत लहर से जनजीवन पूरी तरह से सर्दी की चपेट में आ गया है दुकानों के बाहर सड़कों के किनारे लोग अब अलाऊ जलाकर गर्मी ले रहे हैं हर एक इंसान अब भारी गर्म कपड़ों स्वेटर जैकेट और टोपियों में लिपटे नजर आ रहे हैं मेंन मार्केट में कन्हा फोटो स्टूडियो बाला शूज स्टोर्स मोदी पान कॉर्नर इन दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों के बाहर जलाऊ जलाकर रोजमर्रा के कार्यों को गति दे रहे हैं वही नप द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लकड़ी के अलाव जलाए हैं।

राजगढ़ नगर की दो बस्तियों की यात्रा उपरांत राजमहल में हुआ कार्यक्रम

# हिंदू सम्मेलनः हाथों में धर्मध्वजा लेकर सड़कों पर निकले सैकड़ों सनातनी



**राजगढ़।** संपूर्ण राजगढ़ जिले की विभिन्न बस्तियों, मंडलों में इन दिनों हिन्दू सम्मेलनों का भव्यतम आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को नगर की महावीर एवं शीतला माता बस्तियों का सम्मेलन स्थानीय राजमहल परिसर में संपन्न हुआ। राजमहल में सैकड़ों सनातनियों की मौजूदगी में उपस्थित संत समाज एवं मुख्य वक्ताओं ने पंच परिवर्तन, हिन्दू धर्म के विस्तार, सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक शक्ति को सुदृढ़ करने, कुटुंभ प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण सहित समाज हित से जुड़े अन्य विषयों पर अपनी बात रखी।

इसके पूर्व स्थानीय पारायण चैक से ध्वज व कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में मातृ-शक्तियों, पुरुष व नगर के प्रबुद्धजन शामिल हुए। हाथों में ध्वज, भारत माता के जयकारों के साथ पारायण चैक से आरंभ हुई यात्रा झांसी की रानी चैक, मेन मार्केट, तुल्ली चैक होते हुए राजमहल परिसर पहुंची। इस बीच स्थान-स्थान पर ध्वज यात्रा में शामिल लोगों का विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, स्वयंसेवी व अन्य संघटनों द्वारा पुष्पवर्षा इत्यादि से जोरदार, स्वागत अभिनंदन किया।

### कथावाचक के उद्गारों ने भरा जोश

राजमहल परिसर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन की इस सभा में कथा वाचक पंडित रोहित नागरजी के आर्शिवचनों का लाभ उपस्थितजनों को मिला। उन्होंने परिवार, समाज, देश को जोड़ने के संबंध में अनेकों दृष्टांत और बातें नगर के प्रबुद्धजनों के बीच सांझा की। कार्यक्रम के आयोजक हिन्दू समाज के ऊर्जावान युवा बीते कईं दिनों से इस हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों में जुटे थे।

दूषित पानी से मौतों पर किया पुतला दहन का प्रयास

# घंटा वाले बयान के विरोध कांग्रेसियों ने बजाया घंटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

दूषित पानी से इंदौर शहर में हुई 16 लोगों की मौत के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा मिडिया के समक्ष दिये घंटा वाली गैर जिम्मेदार बात को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को नगर में कांग्रेस पार्टी ने हाथों में घंटा लेकर बजाते हुये प्रदर्शन करते हुये नारे बाजी की ।

ज्ञात हो कि विगत दिनों मध्यप्रदेश शासन के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इंदौर के भागीरथपुरा के निवासियों का नगर निगम द्वारा सप्लाई किया जा रहा था दूषित पानी को पीने से बेकसूर 16 लोगों की मौत हो गई जिस पर उन मृत लोगों और परिवार के प्रति सहानुभूति की जगहों, मिडिया के लोगों के हित में पूछे प्रश्नों का उत्तर देने की बजाए भड़कते हुए कहा ष्क्या घंटा हो गयाष जैसे गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य देकर जनता के प्रति अपनी जवाबदेही से मुंह मोड़ा जबकि इंदौर में भाजपा की नगर निगम, प्रदेश में सरकार, नौ विधायक भाजपा के सांसद वा स्वयं विजयवर्गीय इंदौर के बाद जवाबदेही से पल्ला झाड़ने का जो प्रयास किया उसका प्रदेश भर में कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही।

इसी तारतम्य में नगर में कांग्रेसियों द्वारा पोलखेड़ा चैराहे पर एकत्रित होकर हाथों में घंटा लेकर बजाते हुए प्रदर्शन किया और पोलखेड़ा चैराहे से जुलूस लेकर बस स्टैंड चैराहे पहुंचे जहां पूर्व से मंत्री केशल विजयवर्गीय का पुतला जो छुपा रखा था उसे जलाने का प्रयास किया लेकिन उपस्थित पुलिस द्वारा पूर्व से खड़ी फायर गाड़ी के माध्यम से बुझा दिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत, ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप

**सारंगपुर।** शहर से लगभग 15 किलोमीटर दूर पचोर रोड पर स्थित ग्राम छापरा के पास रविवार तड़के एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां पुणे-ग्वालियर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला और उसके पांच वर्षीय मासूम बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान लक्ष्मीबाई पति राजेश (35) एवं उसके पुत्र क्रिश (5) निवासी ग्राम छापरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार तड़के लक्ष्मीबाई अपने बेटे को साथ लेकर घर से निकली थी। इसी दौरान पचोर रोड रेलवे ट्रैक पर दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर सारंगपुर



पुलिस मौके पर पहुंची और नगर पालिका के शव वाहन की मदद से दोनों शवों को सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया, जहां रविवार को पोस्टमार्टम किया गया। अस्पताल में मृतका के मायके पक्ष के लोग पहुंचे और ससुराल पक्ष पर मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि लक्ष्मीबाई को लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठाया। इस दौरान अस्पताल परिसर में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति भी बनी रही, जिसे पुलिस ने समझाइश देकर शांत कराया। इस दर्दनाक घटना से छापरा गांव में शोक का माहौल है।

# जेपीएल सीजन-2 का शुभारंभ



**जीरापुर।** स्थानीय स्टेडियम परिसर में जीरापुर प्रीमियर लीग जे.पी.एल. सीजनदृ2 का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में अतिथि क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी, विशेष अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचरण किरार, हनुमान पाटीदार, श्रीराम दांगी, महामंत्री रमेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधी शिव मंडलोई, सरपंच झड़माऊ दिनेश राठौर, सुजान गुर्जर, सोनू शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारम्भ किया। जहां विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि आपसी भाईचारे, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी मजबूत करते हैं।जे.पी.एल. जैसे टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। शुभारम्भ अवसर पर अश्विन पंडित, शकील खान, अकील खान, समीर, शाहरुख, भगवान मालवीय, शानू, निलेश, गोलू सक्सेना, आकाश तोमर, अली, अपूर्व सक्सेना सहित अनेकों खिलाड़ी, नागरिक उपस्थित रहे। टूर्नामेंट में कुल 7 टीमें भाग ले रही हैं, जिनका फरहान बिलाल , ऑनर फैजल खान, सोनू खान, लक्ष्मण सिंह बना, कृष्णा पाटीदार बाबू मालवीय। आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है।

दांगी समाज का 29वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को

# अतरालियां की पावन धरा से उठेगी सामाजिक क्रांति की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

समाज को जोड़ने और कुरीतियों के अंधकार को मिटाने के लिए सामूहिक प्रयासों से बड़ा कोई शस्त्र नहीं है। इसी उद्देश्य के साथ दांगी समाज ने एक बार फिर अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए 20 अप्रैल 2026 को अतरालियां में 29वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन का शंखनाद कर दिया है। रविवार को समाज के छात्रावास में आयोजित एक वृहद बैठक में इस महाकुंभ की आधारशिला रखी गई।

यह आयोजन केवल विवाह का गठबंधन मात्र नहीं है, बल्कि यह बदलती सामाजिक चेतना का प्रतीक है। नेतृत्व और संकल्परू जब अनुभवी और युवा मिले एक साथ छात्रावास में हुई बैठक में समाज के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति ने आयोजन की गंभीरता को दर्शाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम दांगी की गरिमामयी उपस्थिति में समाज के उत्थान पर चर्चा हुई। उन्होंने जोर देकर कहा कि सामूहिक विवाह आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है, ताकि



समाज का पैसा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में खर्च हो सके। बैठक में जिला अध्यक्ष रामबगस दांगी और ब्लॉक अध्यक्ष प्रभुलाल दांगी ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं, युवा नेतृत्व का प्रतिनिधित्व कर रहे शिव दांगी बारवा (युवा जिला अध्यक्ष) ने सम्मेलन को डिजिटल और आधुनिक प्रबंधन से जोड़ने का संकल्प लिया।

### अतरालियां गांव में जुटेगा पूरा दांगी समाज

आयोजन स्थल के रूप में अतरालियां गांव का चयन रणनीतिक और आध्यात्मिक दोनों है। यह स्थान आसपास के दर्जनों गांवों के लिए सुलभ है। सचिव रामप्रसाद दांगी और शिव दांगी ने बताया कि 20 अप्रैल का दिन क्षेत्र के लिए एक उत्सव जैसा होगा। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों की सशक्त भागीदारी भी देखने को मिली। हरिप्रसाद दांगी (सरपंच, सोनकच्छ) और लक्ष्मीनारायण दांगी (सरपंच, कालियादे) ने विश्वास दिलाया कि जमीनी स्तर पर हर परिवार तक इस सम्मेलन का संदेश पहुँचाया जाएगा। जगदीश चैधरी, सुरेश दांगी (करणपुरा) और रमेश पटेल (खजूरिया) ने भी आयोजन की सफलता के लिए अपने सुझावों का पिटारा खोला।

### 29वें सम्मेलन के सामाजिक मायने

आर्थिक सुदृढ़ता- सामूहिक विवाह के माध्यम से मध्यमवर्गीय परिवारों को भारी-भरकम कर्ज से मुक्ति दिलाने का प्रयास। सामाजिक समरसता- अतरालियां में होने वाला यह जमावड़ा विभिन्न उप-वर्गों और परिवारों के बीच आपसी मेलजोल बढ़ाएगा। दहेज प्रथा पर प्रहार- सम्मेलन के माध्यम से दहेज रहित सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना, जो नई पीढ़ी के लिए एक आदर्श है। छात्रावास की भूमिका- समाज के छात्रावास में हुई यह बैठक इस बात का प्रमाण है कि समाज अपनी संपत्तियों का उपयोग रचनात्मक कार्यों के लिए कर रहा है।

### युद्धस्तर पर शुरू हुईं तैयारियां

बैठक के बाद ही अतरालियां में तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। विभिन्न टोलियां बनाई गई हैं जो पंजीयन, टेंट, भोजन और मेहमानों के सत्कार का प्रबंधन करेंगी। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस बार सुविधाओं का स्तर और भी बेहतर किया जाएगा ताकि दूर-दराज से आने वाले मेहमानों को कोई असुविधा न हो।

**एकजुटता का संदेश-** बैठक के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर संकल्प लिया कि वे इस 29वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को इतिहास का सबसे सफल आयोजन बनाएंगे। अतरालियां अब केवल एक गांव नहीं, बल्कि दांगी समाज की समरसता और शक्ति का नया केंद्र बनने जा रहा है।